हरिभूमि
# कोरबा भूमि
बिलासपुर, शनिवार 8 नवंबर 2025
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
हाथियों ने फसलों और संपत्ति को किया चौपट, ग्रामीणों में दहशत



## खबर संक्षेप

### मिंज होंगे महिला बाल विकास विभाग के डीपीओ

**कोरबा।** जिले के महिला बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी के पद पर बसंत मिंज की नियुक्ति की गई है। जो सरगुजा कार्यालय से स्थानांतरित होकर कोरबा आ रहे हैं। राज्य शासन के द्वारा शुक्रवार को कई जिलों के कार्यक्रम अधिकारियों का तबादला किया है। इसके तहत श्री मिंज को कोरबा भेजा गया है। श्री मिंज पूर्व डीपीओ रेणु प्रकाश का स्थान लेंगे। रेणु प्रकाश का तबादला राज्य शासन के द्वारा जगदलपुर संभाग किए जाने के बाद से पद खाली पड़ा हुआ था और गजेंद्र सिंह देव को डीपीओ का प्रभार दिया गया था।

### अग्निवीर शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु दिया जा रहा निःशुल्क प्रशिक्षण

**कोरबा।** अग्निवीर थल सेना में भर्ती हेतु लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को सीएसईबी ग्राउंड में निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 31 दिसंबर तक प्रदान किया जायेगा। जिले के इच्छुक उत्तीर्ण युवक प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोरबा में संपर्क कर सकते हैं।

### मतदाता सूची के संबंध में दावा आपत्ति 10 तक

**कोरबा।** सहकार्य बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति मर्यादित के मतदाता सूची का प्रकाशन 3 नवंबर को किया गया है। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहकार्य बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति मर्यादित पंजीयन क्रमांक 345 से प्राप्त जानकारी अनुसार जारी मतदाता सूची के सम्बंध में सदस्यों से दावा आपत्ति 10 नवंबर तक मंगाया गया है। किसी सदस्य को आपत्ति होने पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ दावा आपत्ति ब्रजेन्द्र धर शर्मा प्रबंधक/सदस्य को कार्यालयीन समय पर समिति कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। सूची पर प्रस्तुत आपत्तियों का निराकरण समिति कार्यालय में 11 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। साथ ही उपान्तरित सूची को अंतिम मतदाता सूची के रूप में प्रकाशित किया जाएगा।

### सांई लालदास का सत्संग आज

**कोरबा।** चालीहे साहब आरंभ के शुभ अवसर पर श्री सिंधु अमर धाम आश्रम चकरभाटा के पीठाधीश्वर सतगुरु सांई लालदास का दिव्य सत्संग का कार्यक्रम 8 नवम्बर को सिंधु भवन रानी रोड में रात्रि 8 बजे से आयोजित किया गया है। सांई जी के श्रीमुख से चालीहे साहब के महत्व एवं भगवान झूलेलाल की महिमा का वर्णन किया जाएगा। आयोजनकर्ता श्री झूलेलाल मंदिर सेवा समिति के सेवादारियों ने सभी से विनम्र निवेदन किया है कि वे सपरिवार आकर भगवान झूलेलाल का आशीर्वाद प्राप्त करें।

### धारदार हथियार लहराकर लोगों को डराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**चांपा।** धारदार हथियार लहराकर लोगों को भयभीत करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला चांपा के जगदल्ला पारा का है।
इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार 7 नवंबर को चाम्पा से पुलिस टीम थाना क्षेत्र में पेट्रोलिंग के लिए रवाना किया गया था। इस दौरान पेट्रोलिग पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि नया बस स्टैंड में एक व्यक्ति धारदार हथियार लेकर लोगों को भयभीत कर रहा है। थाना प्रभारी जेपी गुप्ता के मार्गदर्शन में तत्काल टीम मौके की ओर रवाना किया गया। टीम के द्वारा नया बस स्टैंड से एक व्यक्ति को पकड़ा गया नाम पता पूछने पर अपना नाम रघुबीर सिदार निवासी जगदल्ला बताया। जिसके कब्जे से एक तलवारनुमा चाकू जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की कार्यवाही किया गया एवं आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता थाना प्रभारी चांपा, सहायक उपनिरीक्षक अरुण सिंह , आरक्षक आकाश कालोसिया, शंकर राजपूत का योगदान रहा।

# लिंक कोर्ट शुरु होने के बाद भी ग्रामीणों को नहीं मिल रही इसकी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

राजस्व कार्यों के विस्तार की कड़ी में जिले में 12 तहसील और 28 राजस्व निरीक्षक मंडल बनाने के साथ ही लिंक कोर्ट शुरु करने की भ घोषणा की गई जिनमें भिलाई बाजार और लेमरु शामिल है। किंतु दोनों ही लिंक कोर्ट की सुविधा नियमित शुरु नहीं होने ग्रामीणों को नहीं मिल पा रही है।

अजगरबहार तहसील शुरु होने के बाद लेमरु में लिंक कोर्ट चलाने की घोषणा हुई थी। कुछ महीनों तक सप्ताह में दो दिन नायब तहसीलदार बैठा करते थे। इसी तरह भिलाई बाजार में ही हरदीबाजार तहसील का लिंक कोर्ट शुरु किया गया था। शुरुआत इसकी अच्छी हुई लेकिन बाद में इसकी स्थिति भी नियमित शुरु नहीं होने के कारण ग्रामीण इसके सुविधा से वंचित होने लगे। राजस्व अमले की कमी होने की वजह से ग्रामीणों की ऐसी सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। शासन के द्वारा तहसीलों का निर्माण कर दिया गया है लेकिन लिंक कोर्ट शुरु करने के रास्ते में राजस्व अमले की कमी आड़े आ रही है। लेमरु लिंक की दूरी लगभग 60 किमी पड़ती है। अजगरबहार तहसील शुरु नहीं होने से लेमरु क्षेत्र के ग्रामीणों को जिला मुख्यालय आना पड़ता था और अब अजगरबहार में तहसील मुख्यालय बना दिया गया है। उसके बाद लेमरु को लिंक कोर्ट की शुरुआत हुई थी जो कुछ माह चलने के बाद बंद हो गई है। इसी तरह चैतमा क्षेत्र में भी लिंक कोर्ट शुरु करने की घोषणा हुई इस घोषणा से ग्रामीणों को लगा कि उन्हें राजस्व की सुविधा मिलेगी लेकिन वह भी पूरी नहीं हो सकी है।

### भिलाई बाजार और लेमरु में शुरु हुआ था लिंक कोर्ट

**खास बातें**
- चैतमा में भी घोषणा हुई थी लेकिन नहीं हो सकी शुरु
- लेमरु क्षेत्र के पक्षकार पहुंचते हैं अजगरबहार तहसील




### कहां कितने राजस्व मंडल

| | | | |
|---|---|---|---|
| कोरबा तहसील | रानिमं 4 | दर्री | रानिमं 5 |
| अजगरबहार | रानिमं 1 | दीपका | रानिमं 3 |
| भैंसमा | रानिमं 3 | पाली | रानिमं 4 |
| करतला | रानिमं 2 | हरदीबाजार | रानिमं 4 |
| बरपाली | रानिमं 2 | उपोड़ी उपरोड़ा | रानिमं 4 |
| कटघोरा | रानिमं 7 | पसान | रानिमं 2 |

## सहकारिता विभाग ने की अखरापाली उपार्जन केंद्र में कार्रवाई

# धान खरीदी में गड़बड़ी उजागर होने के एक साल बाद हटाया गया डाटा एंट्री ऑपरेटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते वर्ष की धान खरीदी में गड़बड़ी की जांच में दोषी पाये गये फड़ प्रभारी और समिति प्रबंधक के खिलाफ अपराध दर्ज करने की कार्यवाही हुई थी। एक साल बाद डाटा एंट्री ऑपरेटर को हटाने की कार्यवाही सहकारिता विभाग के द्वारा किए जाने से उसकी कार्यवाही पर सवाल खड़े हो गए हैं। जिसे जांच में दोषी नहीं पाया गया उसे क्यों हटाया गया। ऐसे सवाल सामने आ रहे हैं। साथ ही निष्कासित डाटा एंट्री ऑपरेटर ने न्याय की गुहार लगाते हुए कलेक्टर को पत्र प्रेषित किया है।



बीते वर्ष कटघोरा तहसील अंतर्गत आने वाले अखरापाली धान खरीदी केंद्र में गड़बड़ियों की शिकायत मिली थी जिसमें तत्कालीन कटघोरा एसडीएम के द्वारा की गई जांच में फड़ प्रभारी और समिति प्रबंधक को दोषी पाया गया था और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। उक्त अखरापाली उपार्जन केंद्र की धान अभी भी पूरे नहीं उठे हैं। मामले के एक साल बाद सहकारिता विभाग ने डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर पदस्थ इंदु पटेल हो हटाने की कार्यवाही की है। इस मामले को लेकर डाटा एंट्री आपरेटर इंदु पटेल ने न्याय की गुहार लगाते हुए कलेक्टर को पत्र प्रेषित किया है जिसमें उन्होंने धान उपार्जन केंद्र अखरापाली में वर्ष 2024-25 में आर्थिक अनियमितता पाये जाने पर फड़ प्रभारी और समिति प्रबंधक के उपर दोषी मानते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी गई। जांच में डाटा एंट्री ऑपरेटर को दोषी नहीं माना गया था। उसके बावजूद प्राधिकृत अधिकारी ने उनको पद से हटाते हुए अनाधिकृत व्यक्ति को नरेश धीवर को अखरापाली धान उपार्जन केंद्र का ऑपरेटर बताकर निष्कासित किया गया है। इंदु पटेल ने प्रेषित पत्र में बताया कि शासन के महत्वपूर्ण कार्य धान खरीदी का काम ईमानदारी से किया। वह अपना सहयोग इस कार्य में देना चाहती है। इसलिए उनकी पदस्थापना मूल समिति के आसपास केंद्र में की जाए।

### निकल रहे संसोधित आदेश

डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं फड़ प्रभारियों को बीते सप्ताह ही बदलने की कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही में कई ऐसे धान खरीदी केंद्र है जिनमें फड़ प्रभारी को बदलकर उसके अधीन काम करने वाले कर्मचारी को फड़ प्रभारी बना दिया गया है और पुराना फड़ प्रभारी वहीं पदस्थ हैं। ऐसे केंद्रों में बीते वर्ष गड़बड़ियां ही मिली थी फिर भी फड़ प्रभारियों को बदलने में कोताही बरती जा रही है। अपने लोगों को फड़ प्रभारी बनाकर बैठाया जा रहा है। इसके साथ ही पहले जारी की गई सूची के बाद सहकारिता विभाग के द्वारा संसोधित आदेश निकालने का खेल खेला जा रहा है।

### जर्जर सड़क को लेकर कांग्रेस का धरना प्रदर्शन कल

**कोरबा।** जिले के सड़कों की हालत अत्यंत जर्जर हो चुकी है, खासकर गोपालपुर से कटघोरा, गौ-माता चौक से उरगा के मध्य सड़कों की हालत बद से बदत्तर हो गई है। इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर नगर निगम क्षेत्रांतर्गत सड़कों की जर्जर स्थिति एवं बड़े-बड़े गड्ढे होने की वजह से लोगों को आवागमन में हो रही समस्याओं के संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा शहर द्वारा आमजन को साथ लेकर धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया है। जिसके अंतर्गत 9 नवंबर की सुबह 11 बजे से दोपहर 1 तक मुख्य मार्ग गौ-माता चौक ईमलीडुग्गु, सीतामणी में आयोजित किया जा रहा हैं। जिला अध्यक्ष नाथूलाल यादव ने सूचना जारी कर सभी से धरने में शामिल होने अपील की है। जिसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी, जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, महिला कांग्रेस कमेटी, अनुसूचित जाति एवं अन्य विभागों प्रकोष्ठों पदाधिकारी एवं सदस्य सहित को आमंत्रित किया गया है।

# अपने ही पालतू बछड़े को मार कर खा गए, तीन के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक सप्ताह पूर्व वनांचल क्षेत्र के एक गांव में पिता पुत्र और उसके भतीजे ने मिलकर अपने ही पालतू बछड़े को मारकर खा गए थे। जब गांव के सरपंच को इसकी खबर लगी तो उसने इसकी सूचना पुलिस को दे दी । ग्राम सरपंच की रिपोर्ट पर पुलिस ने पिता पुत्र और भतीजे के खिलाफ धारा 325 (3) (5) पशु क्रूरता परीक्षण अधिनियम 2004 की धारा 10, 4 पशु क्रूरता अधिनियम 1960 की धारा 11 (ठ) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

**खास बात**
- करतला थाना क्षेत्र के ग्राम पसरखेत का मामला

मामला जिले के वनांचल क्षेत्र करतला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पसरखेत का है। यह निवासरत वासुदेव राठिया ग्राम सरपंच ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है कि इस गांव में निवास करने वाले मतबल लोहार, उसका पुत्र राधे लोहार व ग्राम तौलीपाली निवासी उसका भतीजा मनोज लोहार 1 नवंबर को अपने ही पालतू बछड़े को घर में ही मार दिया था और उसे पकाकर खा गए थे। मामले की शिकायत पर पुलिस ने मतबल लोहार, राधे लोहार और उसके भतीजे मनोज लोहार के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सूत्र बताते हैं कि पुलिस ने इस मामले में अपराध पंजीबद्ध कर तीनों को हिरासत में ले लिया है।

### हड्डियों को कुएं में फेंक कर की थी छुपाने की कोशिश

पुलिस के सूत्र बताते हैं कि बछड़े को मारकर खाने के बाद आरोपियों ने साक्ष्य को छुपाने के लिए बछड़े की हड्डियों को अपने घर के बाड़ी में स्थित सूखे कुएं में छुपा दिया था और उसके ऊपर पत्ते सहित अन्य सामानों को फेंक दिया था ताकि किसी को पता ना चल सके लेकिन आसपास के रहने वाले पड़ोसियों को हड्डी की बदबू जब आने लगी तो उन्हें इसकी भनक लगी और संदेह के आधार पर पड़ोसियों ने इसकी सूचना गांव के सरपंच को दी।जब मामले की तस्दीक कराई गई तो मामला सही पाया गया। पुलिस ने मौके पर उसे सुरक्षा घेरा कर दिया है। पुलिस की टीम पुनः गांव में जाकर विशेषज्ञों की टीम के साथ हड्डियों को जप्त करेगी।

# दो दिनों में एक दर्जन लोगों को कुत्तों ने काटा, लोगों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

हरदीबाजार में घूम रहे आवारा कुत्तों से लोग परेशान हैं। दो दिनों में 12 लोगों को कुत्ते ने काट लिया है। बताया जा रहा है कि एक कुत्ता है जो हरदीबाजार बस स्टैंड के आसपास विचरण करता है और आने जाने वाले लोगो को कटता है। इसी तरह हॉस्पिटल रोड में भी एक व्यक्ति को पागल कुत्ता ने काट लिया है जिसे तत्काल आम लोगों की मदद से हरदीबाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। जिसे एंटी रेबीज इंजेक्शन डोज दे कर पीड़ितों को छुट्टी दे दी गई है। स्वास्थ्य विभाग अधिकारी ने आम जनता को सूचित किया है कि ऐसे आवारा कुत्ता जहां घूम रहा हो उसके नजदीक में ना जाएं। जिस किसी व्यक्ति को अगर कुत्ता काट ले तो तत्काल नजदीक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अपना इंजेक्शन डोज जरूर लगाए कुत्ते के काटना एक जानलेवा घातक होता है इस संबंध में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदी बाजार के सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉ युधेश सांडे ने बताया कि दो दिनों में एक दर्जन लोगों को एक दर्जन लोगों को पागल कुत्ता है जो शिकार कर लिया है जो कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए लोगों को एंटी रेबीज के इंजेक्शन लगाकर छुट्टी दिया गया है।

**खास बातें**
- हरदीबाजार क्षेत्र में लगातार बढ़ रहा है आवारा कुत्तों का आतंक
- हमले से क्षेत्र के लोगों में दहशत व्याप्त







Powered by
DCT Real Estate Developers
Bilaspur (c.g.)
प्रॉपर्टी मतलब DCT
ISO 9001- 2015 Certified
Banking Partner
SBI
FORTUNE
ELEMENTS
Presents
CREDAI
BILASPUR
आपने ADDRESS CHANGE कराया क्या?
CREDAI PROPERTY EXPO 2025
7, 8 & 9 NOV 2025
KUNDAN PALACE, SHRIKANT VERMA MARG, BILASPUR
आज MISS किया
तो कल पछताएंगे
जो CREDAI एक्सपो में
आज और कल नहीं आयेंगे
ये हैं विशेष बस 2 दिन शेष
प्रॉपर्टी बुकिंग पर ई-स्कूटर जीतने का मौक़ा
एक्सपो विज़िट पर हर घंटे चाँदी का सिक्का जीतने का मौक़ा
Stalls
of Best in Class Building Material Vendors
30+
Housing & Commercial Projects with Best Deals
ई-स्कूटर से लेकर एसी, फ्रिज, वाशिंग मशीन सहित 3 लाख तक के इनाम
Concept & Design @ AdPRAYAS
Bathcare Partner
Jaquar BATHROOM
PARTICIPATING BRAND
CITYWALK
DRS High Street
S. K. BUILDERS & COLONIZERS
GK Group
Shree balaji Doors & Ply
NIRVANA HOMES
SIGNATURE VILLA PLOTS
ASA
SOLITAIRE
Vijaya Heritage
ATLANTIC IMPERIAL TOWER
FORTUNE Infra
Dream to Reality
SHRI GANESH ORCHID
HARSH PROJECTS
S.K. BUILDERS & DEVELOPERS
GEETANJALI ERA BILASPUR
OoWah
EV ka All Rounder
Swarna Shikhar
USHA VALLEY
SWARNIMA ERA
Studio CE INTERIORS HARDWARE
WallingCo
Your Walling Partner
वृंदावन ग्रीन्स
VRINDAVAN INFRA ESTATES PVT.LTD.
UB WORLD
SARDAR JI BUILDING SOLUTIONS
Aashiyana
AVIRAL DEVELOPERS
ARPA GREENS ROYAL
VRINDAVAN BUILDCON
KRISHNA
RISING TOGETHER
GWALANI GROUP
BUILT ON TRUST
KD CONSTRUCTION
FEDERAL BANK
YOUR PERFECT BANKING PARTNER
vision vistara
Skyler
ALASKA HOMES
DHEERAA SKYLLA
DREAM BIG, LIVE WELL
CLASSIC GROUP
Bajpai Buildcon
360 INFRA SOLUTIONS
INDU
कृष्णा पुरम
Aishwaryam
Anand Vihar
CHITVAN Farm
DIWANJI
HDFC BANK
Vijay
कुदन पैलेस, श्रीकात वर्मा मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) | 78980-32660

## खबर संक्षेप

### सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में रेडी टू ईट एवं गरम भोजन नियमित रुप से किया जा रहा है वितरण

**कोरबा।** बीज विकास निगम द्वारा रेडी टू ईट माह के अंतिम सप्ताह में समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में नमकीन पौष्टिक दलिया एवं मीठा शक्ति आहार (रेडी टू ईट ) वितरण किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में गर्म पका भोजन एवं पूर्व माह के बचत रेडी टू ईट से बच्चों को आहार प्रदाय किया जा रहा है। सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में रेडी टू ईट एवं गरम भोजन नियमित रुप से वितरण किया जा रहा है एवं परियोजना अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी अनुसार सभी केन्द्रों हेतु वर्तमान में रेडी टू ईट आ गया है एवं हितग्राहियों को शासन के निर्देशानुसार वितरण किया गया जा रहा है।

### राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** राज्य वीरता पुरस्कार 2025 हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक आवेदक 20 दिसंबर तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास कोरबा में आवेदन कर सकते हैं। गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा प्रदेश के बच्चों को किसी घटना विशेष में उनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस एवं बुद्धिमता के लिए राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास कोरबा से संपर्क किया जा सकता है।

### हाईवा चालक से मोबाइल की लूटपाट, मामला दर्ज

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत राताखार जोड़ा पुल के पास खड़ी एक हाइवा के चालक से मारपीट और लूटपाट की घटना सामने आयी है। जहां चालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश के सीधी ग्राम मऊ निवासी अजय सिंह बैस ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपनी हाईवा क्रमांक सीजी 07 सीडब्ल्यू 4536 में सवार होकर 5 नवंबर की रात लगभग 2.30 बजे राताखार जोड़ा पुल के पास पहुंचा था कि इस बीच एक स्कूटी पर सवार होकर तीन लोग पहुंचे। तीनों ने हाइवा चालक को डरा-धमका कर उसे पीटा और उसके मोबाइल लूटकर और हाइवा की दो बैटरी को खोलकर फरार हो गए। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरु कर दी है।

### ऑफलाइन कर वसूली पर प्रतिबंध ऑनलाइन करना होगा भुगतान

**कोरबा।** वर्ल्ड बैंक परियोजना अंतर्गत प्रदेश के नगरीय निकायों में ऑनलाईन संपत्तिकर, समेकितकर एवं जलकर की वसूली प्रारंभ करने के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। यह आदेश दीपका और कटघोरा नगर पालिका परिषद के लिए भी लागू होगा। संपत्तिकर प्रबंधन के लिए निकायों के कर्मचारियों के लिए भी एक ऑनलाइन मॉड्यूल विकसित किया गया है। इसमें ऑनलाइन ऑफलाइन भुगतान प्राप्त करने, संपत्ति डेटा में आवश्यक संशोधन करने और अन्य प्रशासनिक कार्य करने की सुविधाएं उपलब्ध है। जिसके लिए निकायों के अधिकारियों कर्मचारियों के लिए भी लॉगिन आईडी पासवर्ड उपलब्ध कराया गया है। साथ ही डैशबोर्ड के माध्यम से शासन और निकायों को टैक्स संग्रहण की सटीक एवं अद्यतन जानकारी उपलब्ध होगी, जिससे कर संग्रहण का रियल टाइम मॉनिटरिंग संभव होगा एवं निकायों को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध होगी। वित्तीय वर्ष 2025-26 से ऑफलाइन संपत्तिकर, समेकितकर एवं जलकर भुगतान वसूली को पूर्णतः प्रतिबंधित कर ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के माध्यम से अपने निकायों में संपत्तिकर, समेकितकर एवं जलकर भुगतान वसूली प्रारंभ करने के निर्देश शासन के नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा जारी किए गए हैं।

गेवरा खदान से प्रभावित ग्राम नराईबोध के लोगों को बसाया जाएगा कुसमुंडा फोरलेन के पास

# एसईसीएल गेवरा प्रबंधन ने भूविस्थापितों की बसाहट को लेकर शुरू की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया की अनुषांगिक कंपनी एसईसीएल कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में स्थापित खुले मुहाने की गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत एसईसीएल की गेवरा खदान से प्रभावित ग्राम नराईबोध के निवासियों के पुनर्वास के लिए कुसमुंडा क्षेत्र में बसाहट की तैयारी शुरू हो गई है। जानकारी के अनुसार कुसमुंडा फोरलेन के किनारे प्रस्तावित बसाहट स्थल का चयन कर लिया गया है और एसईसीएल प्रबंधन ने यहां स्थल चयन संबंधी बोर्ड भी स्थापित कर दिया है। इसके साथ ही आगे की प्रक्रिया तेज कर दी गई हैं।



ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कोयला उत्पादन में तेजी लाने की कवायद चल रही है। इसी के तहत गेवरा खदान के आगे विस्तार की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए, प्रबंधन प्रभावित गांवों के पुनर्वास से जुड़ी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने में जुटा है। गेवरा विस्तार से प्रभावित होने वाले नराईबोध ग्राम के परिवारों को बसाहट उपलब्ध कराने के लिए स्थल चिन्हित करने के साथ ही आगे की प्रक्रिया जारी है। प्रस्तावित बसाहट स्थल कुसमुंडा एवं मुख्य शहर कोरबा से अधिक दूरी पर नहीं है। पुनर्वास स्थल संबंधित प्रक्रिया पूर्ण होते ही इस जगह पर बसाहट के लिए जरूरी सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाएं एवं अन्य बुनियादी जरूरतों के विकास की तैयारी भी की जाएगी। इधर नराईबोध के लोगों ने प्रबंधन से कहा है कि प्रस्तावित क्षेत्र में सभी आवश्यक सुविधाएं समय रहते उपलब्ध कराई जानी चाहिए। ग्राम नराईबोध के ग्रामीणों की बसाहट के लिए प्रस्तावित स्थल पर लगाए गए बोर्ड में इसका भी उल्लेख किया गया है कि पहले स्टेज पर यहां 137 प्लॉट तैयार किए जाएंगे। वहीं दूसरे स्टेज में लगभग 196 प्लाट पर लोगों को बसाहट देने की तैयारी है। बताया जा रहा है कि जहां जमीन का चिन्हांकन किया गया है वहां लगभग 74 एकड़ जमीन पर बसाहट को लेकर तैयारियां की जा रही है। इसकी प्रक्रिया जारी है। फिलहाल ग्राम नराइबोध के ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम में प्रभावित होने वाले परिवारों की संख्या 600 से अधिक है। ऐसे में ग्राम के सभी लोगों के बसाहट के लिए और अधिक जमीन की आवश्यकता होगी। प्रबंधन से कहा गया है कि बसाहट के लिए पहले सभी तरह की सुविधाएं प्रबंधन को उपलब्ध कराना चाहिए, ताकि आगे कोई समस्या निर्मित न हो सके।

### ग्राम खोडरी के लिए खम्हरिया में बना रहा बसाहट

एसईसीएल कुसमुंडा खदान से प्रभावित ग्राम खोडरी के लिए कुसमुंडा के ग्राम खम्हरिया में बसाहट की सुविधाएं विकसित करने का कार्य एसईसीएल प्रबंधन की ओर से कराया जा रहा है। कुछ माह पहले एसईसीएल के सीएमडी ने ग्राम खम्हारिया का निरीक्षण किया था और अधिकारियों को यहां सर्वसुविधायुक्त बसाहट को लेकर निर्देश दिए थे। जिले में एसईसीएल के कोयला खदानों के विस्तार के लिए खदान प्रभावित ग्राम के लोगों की बसाहट का मुद्दा भी प्रमुख समस्या है। ग्रामीण वर्तमान में रोजगार, मुआवजा के साथ बसाहट से जुड़ी समस्याओं को लेकर प्रबंधन के सामने नजर आते हैं।

### आसपास बेजा कब्जाधारी भी हुए सक्रिय

कुसमुंडा फोरलेन सड़क के निर्माण के बाद समय के साथ-साथ इसके किनारे अवैध कब्जाधारी भी सक्रिय हो गए हैं। वर्तमान में भी इस प्रस्तावित स्थल के पास अवैध कब्जे की होड़ लगी हुई है। बेजा कब्जाधारियों की नजर यहां की जमीन पर लगी हुई है। हालांकि आने वाले समय मे बसाहट के मद्देनजर यहां से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही होना भी तय है।

## देव दीपावली महोत्सव में हजारों दीपों से आलोकित हुआ मां सर्वमंगला घाट



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा जिले की जीवनदायिनी हसदेव नदी, हसदेव नदी की सहायक नदियों तथा अन्य प्राकृतिक जल स्त्रोतों के प्रदूषण को कम करने, संरक्षण करने एवं तट का सौंदर्यीकरण करने के उद्देश्य से विगत कई वर्षों से प्रत्येक मास की पूर्णिमा को हसदेव आरती एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कार्तिक मास के पावन अवसर पर देवउठनी एकादशी 1 नवंबर से देव दीपावली 5 नवंबर तक आयोजित श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ एवं देव दीपावली को हसदेव महाआरती का भव्य आयोजन मां सर्वमंगला घाट पर संपन्न हुआ। संत राम बालक दास महात्यागी (कौशल्या धाम, बालोद, छ.ग.) के पावन सान्निध्य में पूरे आयोजन में श्रद्धा और आस्था का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। देवउठनी एकादशी 1 नवम्बर को भव्य कलश यात्रा के साथ महोत्सव का शुभारंभ हुआ। सुबह 9 बजे आरंभ हुई इस कलश यात्रा में नगर की सैकड़ों मातृशक्तियों ने सिर पर कलश रखकर नगर भ्रमण किया। श्री शिव मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई माँ सर्वमंगला घाट पहुँची, जहाँ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापना और ज्योत प्रज्वलन किया गया। इसके साथ ही महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। 2, 3 और 4 नवम्बर को यजमानों ने वैदिक विधि से वेदी पूजन, हवन और यज्ञ में आहुतियाँ अर्पित कीं। 5 नवम्बर को देव दीपावली पर्व के अवसर पर माँ हसदेव की आराधना और दीपोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। सुबह 9 बजे से हवन पूर्णाहुति और सहस्त्रधारा संपन्न हुई। सायं 5:30 बजे से आरंभ हुए दीपोत्सव में हजारों श्रद्धालुओं ने दीपदान किया और हजारों दीपों से हसदेव घाट आलोकित हुआ।

## इंदिरा स्टेडियम से सीएसईबी चौक तक बेतरतीब खड़े वाहनों को हटाया, मार्ग हुआ चालू



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इंदिरा स्टेडियम से सीएसईबी चौक तक नगर निगम द्वारा डिवाइडर का निर्माण किया जा रहा था। यह निर्माण काम लगभग पूरा हो चुका है लेकिन इस मार्ग में गैरेज के बाहर कबाड़ में पड़े ट्रक सहित अन्य वाहन खड़े हुए थे। जिसकी वजह से एक ही रास्ते से वाहनों का आना-जाना हो रहा था और यातायात व्यवस्था बुरी तरह से बाधित हो रही थी। इसे देखते हुए यातायात पुलिस व नगर निगम की एक संयुक्त टीम ने आज एक विशेष अभियान चलाया और सड़क के किनारे खड़े वाहनों को हटाने की कार्यवाही की गई और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए वाहनों को हटाकर दोनों ओर मार्ग को चालू कराया गया।

उल्लेखनीय है कि पिछले कई महीनों से इंदिरा स्टेडियम से सीएसईबी चौक बायपास मार्ग में सड़क के बीचोंबीच नगर निगम द्वारा डिवाइडर का निर्माण किया जा रहा था। डिवाइडर निर्माण के दौरान भी भारी अवस्थाओं का सामना करना पड़ रहा था। जिसे लेकर कई बार यातायात पुलिस व नगर निगम ने लोगों को समझाइश दी थी जिसके बाद किसी तरह निर्माण काम पूरा हुआ था लेकिन निर्माण काम पूरा होने के बाद भी ट्रक व ट्रेलर संचालक अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे थे और अपनी मनमर्जी करते हुए ट्रक सहित अन्य वाहनों को सड़क के किनारे ही लगा रहे थे। जिसकी वजह से यातायात व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हो रही थी। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर यातायात एएसआई मनोज राठौर, सीएसईबी चौकी प्रभारी भीमसेन यादव सहित नगर निगम की एक संयुक्त टीम गठित की गई थी। शुक्रवार की सुबह यह संयुक्त टीम सीएसईबी चौक से अभियान चलाना शुरु की और सड़क किनारे बेतरतीब खड़े वाहनों को हटाने की कार्रवाई की गई। साथ ही गैरेज संचालकों को समझाइश दी गई कि आने वाले दिनों में यदि अब कोई सड़क के किनारे कंडम वाहनों को बेतरतीब खड़ा करता है तो उनके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। यातायात पुलिस ने घंटों मशक्कत के बाद सीएसईबी चौक से इंदिरा स्टेडियम तक मार्ग में खड़े वाहनों को हटाने की कार्रवाई कर दोनों ओर मार्ग को पुनः व्यवस्थित कर सुचारू से संचालन शुरू कर दिया है।

### नवविवाहिता ने की आत्महत्या, प्रताड़ना का आरोप

**कोरबा।** एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने इस मामले में जांच उपरांत पति के खिलाफ धारा 306 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। मामला सीएसईबी पुलिस चौकी क्षेत्र के मानसनगर बस्ती की है। 21 सितंबर को यामिनी विश्वकर्मा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। यामिनी के परिजनों ने गुरुवार को एसपी ऑफिस पहुंचकर यामिनी के ससुरालियों के खिलाफ शिकायत की थी। गुरुवार को पुलिस ने इस मामले में यामिनी के पति अनिल विश्वकर्मा पिता हरनारायण के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

## वंदे मातरम गीत समर्पण और सेवा की भावना का सशक्त स्वर : लखन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत की राष्ट्रीय चेतना, स्वतंत्रता संग्राम और मातृभूमि के प्रति अपार श्रद्धा का प्रतीक राष्ट्रगीत वंदे मातरम आज भी प्रत्येक भारतीय के हृदय में स्वाभिमान और देशभक्ति का स्वर जगाता है। इसी अमर रचना की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर देशभर में राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वर्चुअल माध्यम से संपन्न हुआ जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए वंदे मातरम के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय महत्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक राष्ट्रगीत नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति श्रद्धा, समर्पण और सेवा की भावना का सशक्त स्वर है, जिसे आज देश का प्रत्येक नागरिक अपने मन में संजोए हुए है। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर यह 150वीं वर्षगांठ न केवल स्मरण का अवसर है, बल्कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक गौरव को और अधिक सुदृढ़ करने का संकल्प भी है। 'वंदे मातरम्' ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान लोगों में स्वाभिमान और देशप्रेम की ज्वाला प्रज्वलित की थी, और यह आज भी नई पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करता है। इस दौरान सभागार में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों ने एक साथ सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया। सामूहिक स्वर में गूँजते वंदे मातरम और भारत माता की जय के उद्घोष से सम्पूर्ण वातावरण देशभक्ति और उत्साह की भावना से भर उठा। कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ केवल एक ऐतिहासिक तिथि नहीं, बल्कि भारतीय अस्मिता और मातृभूमि के सम्मान का गौरवशाली प्रतीक है।

### स्कूल व पुलिस सहायता केंद्र चैतमा में गाया वंदे मातरम

वंदे मातरम गीत को 150 वर्ष पूर्ण होने पर चैतमा हाई स्कूल एवं पुलिस सहायता केंद्र में स्कूली बच्चे व पुलिस कर्मियों ने राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गायन किया। 7 नवंबर को मारुति भूमि की वंदना और राष्ट्र प्रेम की भावना से और माहौल देखने को मिला। राष्ट्रगीत के रचयिता वकील चंद चट्टोपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने देश के एक अमूल्य धरोहर के रूप में यह गीत दिया है उन्होंने बताया कि 1875 में बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय नए गीत की रचना की थी। जिसमें भारत भूमि की सुंदरता उर्वरता और उसके जीवन दी स्वरूप का अद्भुत वर्णन किया है। गीत की पत्तियां न केवल माटी भूमि की आराधना है बल्कि यह भी दर्शाती है कि यह मात्र भूमि देशवासियों के लिए पूजनीय मानी गई है। इस अवसर पर चैतमा सहायता केंद्र के प्रभारी प्रधान आरक्षक एवं स्वामी आत्मानंद विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



### सेजस मदनपुर में गाया वन्दे मातरम

स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय मदनपुर में बंकिम चंद्र चटर्जी रचित वंदेमातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक राष्ट्रीय गीत का गायन किया गया। तत्पश्चात शिक्षा और रक्षा मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे वीरगाथा प्रोजेक्ट के उद्देश्य को प्रभारी प्राचार्य पुष्पक साहू ने बताया।संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता विनोद जायसवाल ने छात्र-छात्राओं में देशभक्ति और नागरिक जिम्मेदारी विकसित करने हेतु गैलेंट्री अवार्ड विजेताओं की कहानियों, शहीदों के बहादुरी भरे कारनामे को आत्मसात करते हुए वीर सपूतों से प्रेरणा लेने को कहा। कुमुदिनी राम ने छात्रों में रचनात्मकता एवं कौशल वृद्धि के लिए इस प्रोजेक्ट को उपयोगी बताया।कमलेश्वरी साहू ने निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से कल्पना कुजूर और सितारा अग्रवाल ने फैंसी ड्रेस के माध्यम से प्रोजेक्ट के इस संस्करण को अविस्मरणीय बनाया। मधु ने निबंध में प्रथम, मनीषा ने कविता में प्रथम और तनीषा, आरुषि खांडे,पदमा महंत, गीता, अंकिता यादव ने वीर महापुरुषों के वेशभूषा में प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम से किया गया।



## प्रीमियम वाइन शॉप ना खोलने को लेकर स्थानीय लोगों ने उद्योग मंत्री से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ दर्री-जलगांव

आबकारी विभाग द्वारा वार्ड क्रमांक 58 सरदार वल्लभभाई पटेल नगर में प्रीमियम वाइन शॉप खोला जा रहा है जिसे लेकर स्थानीय लोगों द्वारा विरोध किया जा रहा है। आज वार्ड के लोग प्रीमियम वाइन शॉप ना खोले जाने को लेकर उद्योग मंत्री लखन देवांगन से मुलाकात कर वाइन शॉप के बारे में अवगत कराया है।



उल्लेखनीय है कि दर्री थाना क्षेत्र के सरदार वल्लभ भाई पटेल नगर में प्रीमियम वाइन शॉप खोलने की तैयारी हो रही है। वाइन शॉप खोलने के विरोध में स्थानीय रहवासी, महिला मंडल एवं सर्वसामान्य नागरिक लगातार अपनी आपत्ति दर्ज कर रहे थे। यह क्षेत्र पूर्णतः आवासीय एवं पैदल चलित परिसर है, जहाँ परिवार, महिलाएँ, बच्चे एवं वरिष्ठ नागरिक प्रतिदिन आवागमन करते हैं। ऐसे शांतिपूर्ण वातावरण में वाइन शॉप खोले जाने से असुरक्षा एवं असुविधा की स्थिति बन रही थी, जिसके विरोध में नागरिक एकजुट होकर अपनी आवाज़ उठा रहे हैं। क्षेत्र के लोगों ने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन से मुलाकात कर वाइन शॉप ना खोलने की गुहार लगाई है।

### राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई बिंझरा ने निकाली एकता मार्च

**कोरबा।** अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय से संबद्ध राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई बिंझरा, विकासखंड पोंडी-उपरोड़ा के तत्वावधान में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत यूनिट मार्च का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसएस प्रभारी एवं स्वयंसेवकों द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ के साथ किया गया। तत्पश्चात स्वयंसेवकों ने लेटपारा क्षेत्र में जनजागरण रैली निकाली, जिसमें राष्ट्रीय एकता हमारी पहचान, अनेकता में एकता ही भारत की विशेषता है जैसे नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा।

### फ्लाई एश और यातायात व्यवस्था पर समन्वय बैठक संपन्न

**कोरबा।** हाईकोर्ट बिलासपुर में विचाराधीन प्रकरण एवं पारित आदेश 29 अक्टूबर के अनुपालन में शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय के नवीन सभाकक्ष में फ्लाई एश, कोयले के परिवहन, निपटान, यातायात अवरोध तथा सड़क रखरखाव से संबंधित समस्याओं के स्थायी एवं क्रियान्वयन योग्य समाधान हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी कलेक्टर आशुतोष पांडेय एवं अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, पुलिस विभाग, पर्यावरण संरक्षण मंडल, परिवहन विभाग सहित एसईसीएल, बालको, अडानी एवं एनटीपीसी जैसे औद्योगिक उपक्रमों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। प्रभारी कलेक्टर एवं निगमायुक्त श्री पांडेय ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं उपक्रम प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए फ्लाई एश परिवहन, सड़क मरम्मत, पार्किंग व्यवस्था तथा यातायात सुगमता सुनिश्चित करने के लिए समन्वित एवं प्रभावी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक संस्था अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन तत्परता से करे, जिससे क्षेत्रवासियों को सुगम यातायात की सुविधा मिल सके और पर्यावरण प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हो। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि गौ माता चौक एवं रिसदी चौक के आसपास सड़क मरम्मत का कार्य प्रगति पर है। बालको ने बताया कि बजरंग चौक से परसाभाठा चौक तक सड़क रिपेयरिंग कार्य जारी है तथा दर्री ध्यानचंद चौक से बजरंग चौक तक टू-लेन सड़क निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ है।

## सुतर्रा में मंडी टीम ने की कार्रवाई, बिना अनुमति के परिवहन, 50 बोरी धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कलेक्टर अजीत बसंत के निर्देशानुसार मंडी सचिव नारायण पटेल, उपनिरीक्षक आकाश भारद्वाज और दिनेश कुमार की संयुक्त टीम द्वारा शुक्रवार को की गई कार्रवाई में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 50 बोरी धान (लगभग 20 क्विंटल) जब्त किया गया।



धान जब्ती की कार्यवाही करते हुए।

निरीक्षण के दौरान टीम को सूचना मिली थी कि ग्राम सुतर्रा के पास एक वाहन में धान बिना मंडी अनुमति पत्र के परिवहन किया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान टीम ने वाहन क्रमांक सीजी 12बीडी 6810 को रोका, जिसे ड्राइवर बजरंग मरकाम चला रहा था। पूछताछ में उसने बताया कि यह धान विनोद मरकाम का है और इसे रंजना गांव से कटघोरा राइस मिल ले जाया जा रहा था। मंडी अधिनियम के तहत यह परिवहन नियमों का उल्लंघन पाया गया। इस पर टीम ने मौके पर ही धान की 50 बोरियां जब्त कर लीं और संबंधित सामग्री को सुपुर्दगी पंचनामा तैयार कर पुलिस पोस्ट सुतर्रा में सुरक्षित रखवा दिया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में बिना वैध दस्तावेजों के धान या किसी भी कृषि उपज का परिवहन सख्त वर्जित है। आगामी दिनों में भी मंडी विभाग और प्रशासन की संयुक्त टीमें निरंतर निगरानी रखेंगी, ताकि अवैध खरीदी या परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

### निधन

#### राम बहादुर श्रीवास्तव



**पाली।** नगर पंचायत पाली के सूर्योदय नगर निवासी सेवानिवृत डिप्टी रेंजर राम बहादुर श्रीवास्तव (84 वर्ष) का शुक्रवार को निधन हो गया है। वे बालकेश्वर और डम्मू श्रीवास्तव के पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार पाली मुक्तिधाम में किया गया।

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज

नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

## खबर संक्षेप



### हाथियों ने फसलों और संपत्ति को किया चौपट, ग्रामीणों में दहशत

**कोरबा।** कोरबा व कटघोरा वनमंडल में हाथी लगातार उत्पात मचा रहे हैं। कोरबा वनमंडल के करतला रेंज के अंतर्गत बड़मार और पीड़िया क्षेत्र में बुधवार की रात हाथियों के एक झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने खेतों में लगी धान की फसल को चौपट कर दिया। पीड़िया, सेंद्रीपाली, श्रीमार और तीलईडबरा गांवों में दर्जनों किसानों की फसलें पूरी तरह मटियामेट कर दी। ग्रामीणों का कहना है कि इस झुंड ने रातभर उत्पात मचाया और सुबह होने से पहले पीड़िया जंगल की ओर लौट गया। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों का स्थल का निरीक्षण कर क्षति का आंकलन किया। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रहे ऐसे हमलों से किसानों की आर्थिक स्थिति पर बुरा असर पड़ रहा है। कई किसानों ने वन विभाग से मुआवजा और सुरक्षा उपायों की मांग की है। उधर कटघोरा वन मंडल के आमाटिकरा और परला क्षेत्र में भी लगभग 42 हाथियों का झुण्ड विचरण कर रहा है।

### एनटीपीसी ने दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंगों का किया वितरण



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर ओपन थियेटर घंटाघर चौक में एनटीपीसी द्वारा लगाया गया। स्टॉल आकर्षण का केंद्र बना। इस स्टॉल में एनटीपीसी द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के तहत किए जा रहे महत्वपूर्ण सामाजिक कार्यों और उपलब्धियों का विशेष रूप से प्रदर्शन किया गया। एनटीपीसी के सीएसआर एवं एनएफएनडीआरसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस पहल के माध्यम से जरूरतमंद दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना रहा। कृत्रिम अंगों का वितरण छत्तीसगढ़ शासन के उद्योग एवं वाणिज्य, श्रम, आबकारी और सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने अपने कर कमलों से किया। उन्होंने एनटीपीसी द्वारा किए जा रहे इन सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल समाज में सकारात्मक बदलाव लाती हैं और दिव्यांगजनों के जीवन में नई आशा जगाती हैं। इस दौरान एनटीपीसी अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी विनोद कोल्हटकर, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. रश्मि, सीएसआर विभाग के उप प्रबंधक विरेन्द्र कुमार देशमुख, सुश्री प्रियंका और आर.सी. बेन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### केंद्रीय विद्यालय में धूमधाम से मनाया जा रहा जनजातीय गौरव पखवाड़ा

**कोरबा।** केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 एनटीपीसी में जनजाति दिवस पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत 1 से लेकर 15 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें निबंध प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, रैली आदि अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बिरसा मुंडा जयंती पर मनाए जाने वाले इस पखवाड़ा के अंतर्गत सभी बच्चे उत्साहपुर का हर कार्यक्रम में भाग लेते हैं। इस पखवाड़ा के अंतर्गत पहले दिन कार्यक्रम का उद्घाटन धूमधाम से किया गया। बच्चों ने अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्राचार्य सुनील कुमार साहू ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। सुमित कुमार चौधरी ने कार्यक्रम का निर्देशन किया।

### लोनिवि ने शुरू की खराब सड़कों की मरम्मत



**कोरबा।** बरसात के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत का कार्य लोनिवि ने शुरू कराया। इसी के तहत कोरबा जिले में भी खराब एवं क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दी गई है। वर्तमान में कोटमी पसान- कटघोरा मार्ग पर पेच रिपेयर का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही कोरबा-उरगा मार्ग (गौमाता चौक) पर भी मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। अन्य प्रमुख मार्गों पर भी शीघ्र ही मरम्मत कार्य प्रारंभ किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता जी. आर. जांगड़े ने बताया कि विभाग का लक्ष्य निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण पेच रिपेयर कार्य पूर्ण करना है।

## चैतमा चौकी क्षेत्र के घुईचुआं नेशनल हाईवे में हुआ हादसा

# तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिलासपुर-अंबिकापुर नेशनल हाईवे में एक युवक को रॉन्ग साइड चलना महंगा पड़ गया। बाइक सवार युवक रॉन्ग साइड में जाते हुए अचानक अपनी मोटरसाइकिल को मोड़ दिया जिससे एक तेज रफ्तार बोलेरो ने उसे अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले में दुर्घटना को अंजाम देने वाले बोलेरो चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



दुर्घटना को अंजाम देने वाला बोलेरो।



दुर्घटनाग्रस्त बाइक।



मृतक।

**खास बात**

- भाई से मिलने जा रहा था चैतमा

जानकारी के अनुसार हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उतरदा निवासी फुजेरी मरकाम उम्र 35 वर्ष पिता स्व. रामलाल मरकाम अपनी हीरो स्प्लेंडर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 12 बीके 3728 में सवार होकर किसी काम से पाली आया हुआ था जहां बीती रात को वह पाली में रुका हुआ था। फुजेरी मरकाम शुक्रवार की सुबह लगभग 9 बजे पाली से चैतमा अपने भाई से मिलने जा रहा था कि सुबह लगभग 9:30 बजे नेशनल हाईवे 130 घुईचुआं के पास पहुंचा था कि वह रॉन्ग साइड से जाने लगा और वह अचानक अपनी गाड़ी को मोड़ दिया। पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार बोलेरो क्रमांक सीजी 07 बीवाय 9032 के चालक ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए फुजेरी मरकाम की मोटर सायकल का अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के होते ही हाईवे में वाहनों की लंबी कतार लग गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और फुजेरी मरकाम के शव को वैधानिक कार्यवाही के लिए अस्पताल भेजा गया और यातायात व्यवस्था को बहाल किया गया। चैतमा चौकी क्षेत्र के बीच घुईचुआ के समीप जिस बोलेरो ने मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में लिया है उसका लाइव वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है।

**लगातार इस तरह की घटनाएं आ रही है सामने**

जिले के बिलासपुर-कटघोरा-अंबिकापुर नेशनल हाईवे हो या चांपा नेशनल हाईवे बनकर तैयार हो चुका है। जहां वाहनों की रफ्तार सीधे हवा से बात करती है लेकिन इस मार्ग में कई ऐसे स्थान हैं जहां लोग शॉर्टकट करने के चक्कर में हाईवे में ही रॉन्ग साइड चले जाते हैं जिसकी वजह से हादसे के शिकार होते हैं। बताया जाता है कि आज भी घुईचुआं के पास कुछ ऐसा ही हुआ है। कुछ दिन पूर्व ही उरगा थाना क्षेत्र के कोरबा-चांपा मुख्य मार्ग में रॉन्ग साइड वाहन चलाने के चक्कर मे दो युवकों को एक अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया था जिससे दोनों युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। लगातार हाईवे में रॉन्ग साइड को शॉर्टकट के चक्कर में लोग हादसे के शिकार हो रहे हैं।

## महतारी एक्सप्रेस का चालक सेवा से किया गया पृथक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



नशे में धुत चालक।

सरकार की महत्वाकांक्षी योजना महतारी एक्सप्रेस 102 के एक चालक भुवन पाल को सेवा से पृथक कर दिया गया है। वह शराब के नशे में धुत होकर गाड़ी चला रहा था और बीच सड़क पर ही वाहन खड़ा कर गाड़ी में ही सो गया था। इस घटना के संज्ञान में आने के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधीन उसकी नियोक्ता इकाई ने सेवा से पृथक कर दिया है।

यह घटना ग्राम हरदीबाजार से बलौदा मार्ग पर ग्राम मुडापार के पास की है। चालक भुवन पाल ग्राम कोरबी (धतुरा) से एक डिलीवरी केस लेने के लिए निकला था, लेकिन हरदी बाजार में शराब पीने के बाद बीच रास्ते में ही गाड़ी रोककर सो गया। राहगीरों की नजर जब इस वाहन पर पड़ी, तो उन्होंने ड्राइवर को गाड़ी सड़क किनारे करने के लिए कहा। हालांकि, नशे के कारण वह गाड़ी को नियंत्रित नहीं कर पा रहा था और वाहन सड़क पर लहरा रहा था। स्थानीय लोगों ने मिलकर गाड़ी को सड़क से हटाकर पास के मैदान में खड़ा किया। कोरबी निवासी विश्वनाथ प्रसाद साहू ने बताया कि जब उनकी नजर बीच सड़क पर खड़ी महतारी 102 वाहन पर पड़ी, तो उन्हें लगा कि गाड़ी खराब हो गई होगी। वे मदद के इरादे से चालक के पास गए। जहां उन्होंने देखा कि चालक ड्राइवर सीट पर नशे में सो रहा था। इसके बाद उन्होंने विभाग के अधिकारियों और हरदीबाजार पुलिस थाने को घटना की सूचना दी। देखते ही देखते वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई और उसे जगाने का प्रयास किया गया। ड्राइवर की गंभीर हालत को देखते हुए पाली क्षेत्र के बीएमओ अनिल शराब को कॉल पर सूचना दी गई। साथ ही पुलिस को भी मौके पर बुलाया गया।

**की गई तत्काल कार्यवाही**

भुवन पाल 102 महतारी एक्सप्रेस के पीएचसी हरदीबाजार में चालक के पद पर नियुक्त था। महतारी एक्सप्रेस वाहन 102 को ड्यूटी के दौरान शराब पीकर चलाया गया, जबकि यह सेवा आपातकालीन सेवाओं के अंतर्गत आती है। इस प्रकार के लापरवाही पूर्वक कार्य को गंभीर कृत्य की श्रेणी में रखा गया। इस कृत्य के लिए कार्यालय द्वारा कार्यवाही करते हुए भुवन पाल को चालक पद से कार्य मुक्त कर उसकी सेवाएं समाप्त कर दी गई है। साथ ही कहा कि इस तरह के कृत्य और अन्य घोर लापरवाही प्रदर्शित होने वाले कृत्यों के लिए किसी प्रकार की माफी का स्थान नहीं है बल्कि विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## सेजस हिन्दी मीडियम स्कूल को मॉडल बनाने की तैयारी



**भवन और खेल मैदान आवश्यक**

मॉडल स्कूल बनाने के लिए राज्य शासन से मिले निर्देश के तहत सभी हिन्दी मीडियम सेजस स्कूलों को मॉडल बनाने के पूर्व स्कूल भवन, खेल सामग्री, खेल मैदान एवं अन्य संसाधन पर भी चर्चा की गई है। प्राचार्यों ने सेजस हिन्दी मीडियम स्कूलों में मॉडल स्कूल की राह पर संसाधनों की कमी का मुद्दा उठाया। जिस पर शिक्षा अधिकारी ने सभी प्राचार्यों को राज्य शासन के निर्देश के तहत कार्य करने और आने वाले दिनों में संसाधन उपलब्ध कराने की बात कही।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में चल रहे सेजस हिन्दी मीडियम स्कूल को मॉडल स्कूल के रुप में डेवलप करने की तैयारी चल रही है। राज्य शासन के मिले निर्देश के तहत एनसीडीसी सेजस स्कूल में प्राचार्यों की बैठक आहूत की गई। जिसमें पिछले वर्ष परिणाम की समीक्षा करते हुए 4 सेजस स्कूलों के कमजोर परीक्षा परिणाम को गंभीरता से लिया गया और वहां एक्स्ट्रा क्लास चलाने के निर्देश दिए गए।

जिले में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश और हिन्दी मीडियम स्कूल का संचालन बीते पांच वर्ष से किया जा रहा है। हिन्दी मीडियम सेजस स्कूलों की संख्या 40 है। वहीं इंग्लिश सेजस स्कूलों की संख्या 15 है। कुल 55 सेजस स्कूल जिले में संचालित है। इनमें पंप हाउस हरदीबाजार और पाली इंग्लिश मीडियम सेजस स्कूल को सीबीएसई बोर्ड से मान्यता मिली है। परीक्षा परिणाम को लेकर एनसीडीसी स्कूल में जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय के द्वारा समीक्षा बैठक लेते हुए सभी स्कूलों के बीते वर्ष के परीक्षा परिणाम का आंकलन करते हुए उपस्थित प्राचार्यों से पढ़ाई व्यवस्था को लेकर चर्चा करते हुए खराब रिजल्ट आने के मामले को लेकर चर्चा की गई एवं ऐसे स्कूलों में एक्स्ट्रा क्लास तथा कमजोर बच्चों को ज्यादा फोकस करने के लिए भी विचार विमर्श हुए। बैठक में उपस्थित सेजस स्कूलों के प्राचार्य परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने के लिए अपनी ओर से प्रस्ताव भी दिये हैं। उक्त प्रस्ताव पर शिक्षा अधिकारी ने अमल करने को कहा है। बैठक में सभी सेजस स्कूलों को राज्य सरकार के द्वारा मॉडल स्कूल बनाए जाने के मिले निर्देश के तहत कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

## पीडब्ल्यूडी स्कूल में छात्र कर रहे थे कमरे की पोताई, जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला मुख्यालय मे संचालित पीडब्ल्यूडी हाई स्कूल में छात्रों के द्वारा कक्षा के कमरों की पोताई किए जाने का मामला सामने आने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने इस प्रकरण के जांच कराने के आदेश दिए हैं। जिला मुख्यालय में ही पढ़ाई छोड़ पोताई करने के मामले को डीईओ के द्वारा गंभीरता से लिया गया है।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीडब्ल्यूडी रामपुर (ब्लॉक शिक्षा कार्यालय कोरबा) के अंतर्गत विद्यार्थियों से ही रंग-रोगन का कार्य कराया जा रहा है। विद्यालय की साज-सज्जा करने के लिए निःसन्देह सरकारी राशि उपलब्ध कराई गई होगी लेकिन जिस तरह से विद्यार्थी अपने कक्ष में दीवार और खिड़कियों की रंगाई-पुताई करते नजर आए, उससे तो यही लग रहा है कि यहां अधिकांश कार्य विद्यार्थियों से कराया गया। शुक्रवार को यह नजारा पेश आया जब एक कक्षा में कुछ छात्र ड्रेस में तो कुछ विद्यार्थी बिना गणवेश के घरेलू कपड़ों में दीवार और खिड़की की पुताई करते नजर आए। एक छात्र गोड़ी पर चढ़कर दीवार पोत रहा था तो छात्रा खिड़की पेंट कर रही रही। कमरे में एक शिक्षिका भी उपस्थित थी। स्कूल में इस तरह के लगातार मामले सामने आ रहे हैं विशेषकर ग्रामीण अंचल के स्कूलों में ऐसे नजारे देखने को मिलते थे। इस मामले में डीईओ टीपी उपाध्याय ने कहा कि उनके सामने यह मामला आया है वह इस मामले की जांच कराएंगे।



कमरे की पोताई करते विद्यार्थी।

## उद्योग मंत्री ने दी 5 करोड़ के कार्यों की सौगात, विकास को मिली गति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने निगम क्षेत्रांतर्गत विभिन्न वार्डों को 4 करोड़ 92 लाख रूपये के विकास कार्यों की सौगात दी है। इससे निगम के विकास कार्यों को गति मिली है, जिसके तहत सड़क, नाली, कलवर्ट आदि के निर्माण कार्य विभिन्न वार्डों में किए जाएंगे, तो वहीं दूसरी ओर वार्ड क्र. 13 में वरिष्ठजनों को उनका अपना सियान सदन भी मिला है।

**खास बात**

- विभिन्न वार्डों में होंगे सड़क, नाली, कलवर्ट आदि के निर्माण कार्य

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने निगम के न्यू अमरैयापारा एवं कोसाबाड़ी जोनांतर्गत सिंगापुर में 4 करोड़ 82 लाख रूपये की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में किया। कार्यक्रम में सभापति नूतन सिंह ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, पार्षद नरेन्द्र देवांगन सहित मेयर इन काउंसिल के सदस्यों, पार्षदों व जनप्रतिनिधियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की। वहीं उद्योग मंत्री श्री देवांगन द्वारा वार्ड क्र. 13 नमो गार्डन के पास शारदा विहार में 10 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित सियान सदन का लोकार्पण भी किया गया। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि जनता जनार्दन का आशीर्वाद, प्यार व स्नेह मेरी सबसे बड़ी पूंजी है, मैं आभारी हूं कि कोरबा की जनता ने मुझे सदैव अपना प्यार, स्नेह व आशीर्वाद दिया है। उन्होंने कहा कि जहाँ तक शहर के विकास का प्रश्न है, तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आशीर्वाद तथा उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के सहयोग से कोरबा का तेजी से विकास हो रहा है, यहां पर बरसों से व्याप्त समस्याएं दूर हो रही हैं, जिसके साक्षी हम सब हैं। उन्होंने कहा कि विगत डेढ़ वर्षों के कार्यकाल में निगम क्षेत्र में 700 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। विकास कार्यों के लिए जब भी जितनी राशि की मांग की जाती है, मुख्यमंत्री के द्वारा तत्काल स्वीकृत प्रदान की जाती है, उन्होंने कहा कि निगम के सभी 67 वार्डों में समान रूप से विकास कार्य हो रहे हैं, आगे भी लगातार होंगे, यह मैं विश्वास दिलाता हूं। कार्यक्रम के दौरान एमआईसी सदस्य अजय कुमार गोड़, उर्वशी राठौर, पार्षद प्रभा टीकम राठौर, सुषमा रामशंकर साहू, युगल कैवर्त्य, ईश्वर पटेल, सुलोचना यादव, मण्डल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, डॉ.राजेश राठौर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रूकमणी नायर, अखिलेश पाण्डेय, नरेन्द्र पाटनवार, आकाश श्रीवास्तव, सहित बड़ी संख्या में वार्डों के नागरिक उपस्थित थे।



लोकार्पण करते उद्योग मंत्री एवं अन्य।

## भारत इंस्टीट्यूट ऑफ़ नर्सिंग में मनाया गया स्थापना दिवस



**कोरबा।** राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर भारत इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ राज्य गीत से हुई, जिसके पश्चात प्राचार्य शलभ पीटर द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने मिलकर छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा और विकास यात्रा पर आधारित नृत्य, गीत, भाषण और नाटक प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ के लोकगीतों पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान उसकी संस्कृति, मेहनतकश जनता और एकता में बसती है। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर कॉलेज के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती तेजस्वी प्रियंका जी ने किया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780




